# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

कोनी थाना के सामने, बिलासपुर-रतनपुर मार्ग, कोनी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) 495009

E-Mail: bilaspur.university2012@gmail.com Website: www.bilaspuruniversity.ac.in


क्र./ **730**/स्था.प्रशा./अ.बि.वा.वि.वि./2023 बिलासपुर, **दिनांक 25/03/2023**

## सीधी भर्ती से पदों की पूर्ति हेतु Online विज्ञापन

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) में निम्नलिखित पदों को सीधी भर्ती से भरने हेतु पात्रता रखने वाले **छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय/मूल निवासी** अभ्यर्थियों से दिनांक 30/04/2023 रात्रि 11.59 बजे सर्वर समय तक निर्धारित प्रपत्र में Online आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है:-

| क्रमांक | पदनाम | पे बैंड | वेतन मेट्रिक्स | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रोग्रामर | 15600-39100 | 5400(लेवल-12) | 01 |
| 2 | कुलपति के निज सहायक | 9300-34800 | 4300(लेवल-09) | 01 |
| 3 | स्टेनो टाइपिस्ट | 5200-20200 | 1900(लेवल-04) | 01 |
| | | | योग | 03 |

1. विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है। आवश्यकतानुसार संख्या घटाई/बढाई जाने हेतु विश्वविद्यालय को सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा याचिका क्रमांक रिट पिटी(सी) क्रमांक 591/2012, रिट पिटी/सी 592/2012, सी रिट पिटी (सी) क्रमांक 593/212 तथा रिट पिटी (सी) क्रमांक 594/2012 आरक्षण बिंदु संबंधित पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्याधीन रहेगी।

2. आवेदन शुल्क- प्रोग्रामर पद के लिए सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग रू.700 एवं अ.ज.जा/अ.जा. वर्ग रू. 400, तृतीय श्रेणी के पदों के लिए सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग-रू. 500/- एवं अ.ज.जा./अ.जा.वर्ग- रू. 250/- का भुगतान Payment gateway के माध्यम से करें। बैंक प्रभार (यदि कोई हो) अतिरिक्त देय होगा। **दिव्यांग आवेदकों द्वारा किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं होगा। परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिये किसी बैंक के ड्राफ्ट अथवा चेक स्वीकार नहीं किये जायेगे।**

3. आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी इस विश्वविद्यालय के वेब साईट www.bilaspuruniversity.ac.in पर उपलब्ध है।

4. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि भर्ती प्रक्रिया से संबंधित अद्यतन जानकारी हेतु विश्वविद्यालय के वेबसाईट का सतत अवलोकन करते रहें।

5. आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन करने के पूर्व स्वयं सुनिश्चित करना होगा, कि वे वांछित पद हेतु सभी अर्हता/पात्रता/शर्तो को पूरा करते है। सभी अर्हता पात्रता/शर्तो को पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को ही आवेदन करना चाहिए। परीक्षा के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश पूर्णतः अनंतिम होगा, चाहे वे निर्धारित पात्रता/शर्तो को पूरा करते हो। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किये जाने का अर्थ यह नहीं होगा कि उनके द्वारा आवेदन को विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम रूप से स्वीकार कर लिया गया है। यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा के किसी भी चरण में अथवा लिखित/कौशल परीक्षा के परीक्षा फल घोषित होने के बाद भी अनर्ह पाया जाता है अथवा उनके द्वारा दी गई कोई भी जानकारी अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण/गलत पाई जाती है तो उसकी अभ्यर्थिता को विश्वविद्यालय द्वारा निरस्त किया जा सकेगा और विश्वविद्यालय द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

पदवार न्यूनतम शैक्षणिक/तकनीकी अर्हताएँ

1. प्रोग्रामर

(i) M.E./M.Tech with second division or equivalent grade point in computer science and engineering or related subject from reognized university/Institute with 2 years post qualification programming experience.

OR

(ii) M.Sc.(CS)/ M.C.A. or equivalent degree with second division from a recognized university/Institute with 3 years post qualification programming experience.

2. कुलपति के निज सहायक

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि कम से कम द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण।

(ii) किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था/शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परिषद् से:- हिन्दी/ अंग्रेजी प्रमाण पत्र उत्तीर्ण तथा शीघ्रलेखन में वांछित शब्द प्रतिमिनट की गति का प्रमाण पत्र। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी)

(iii) मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रमिंग में डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र तथा डाटा एन्ट्री की गति 10,000 की (Key) प्रतिघंटे की गति। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी)

3. स्टेनो टायपिस्ट

(i) मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।

अथवा

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण।

(ii) हिन्दी शीघ्रलेखन में 60 शब्द प्रति मिनट की गति। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।)

(iii) मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एन्ट्री की गति 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।)

(iv) मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।) का प्रमाण पत्र।

⟹ ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि — दिनांक 10.04.2023, दिन सोमवार

⟹ ऑनलाईन आवेदन पत्र भरकर ऑनलाईन पेमेंट करने की अंतिम तिथि — दिनांक 30.04.2023, दिन रविवार रात्रि 11.59 बजे तक

कुलसचिव



छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

## सामान्य नियम एवं शर्तेः-

1. चयनित उम्मीदवारों को छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल, नगर जिला रायपुर के वित्त निर्देश 21/2020, क्रमांक 372/260/वि/नि/चार/2020, नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 29.07.2020 के अनुसार छ0ग0 मूलभूत नियम 22 सी (1) शासकीय सेवा में सीधी भर्ती के पद पर 03 वर्ष की परिवीक्षा पर रखे जाने एवं परिवीक्षाधीन अवधि पर नियुक्त सेवकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में क्रमशः उस पद के निर्धारित वेतनमान के न्यूनतम का 70 प्रतिशत, 80 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत राशि स्टाईपेंड की रूप में दिया जायेगा। परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर वेतनमान के न्यूनतम पर वेतन नियत किया जायेगा। परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण न होने पर परिवीक्षा अवधि आगे केवल एक वर्ष के लिए और बढ़ाई जा सकेगी। इसके पश्चात् भी यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी के द्वारा अपनी परिवीक्षा अवधि को सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं किया गया है, तो उनकी सेवाएं बिना कोई कारण बताये विश्वविद्यालय द्वारा समाप्त की जा सकेगी।

2. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं/निगम/मंडल आदि में कार्यरत कर्मचारियों को अपना आवेदन पत्र नियोक्ता के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण-पत्र सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3. दिनांक 01 जनवरी 2023 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 40 वर्ष होना चाहिए। अधिकतम आयु में छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दी गई छूट नियमानुसार दी जावेगी। किन्तु सभी देय छूटों को मिलाकर उनकी अधिकतम आयुसीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा से कम आयु में विवाह करने वाले उम्मीदवार नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे। विधिक पति या पत्नी के जीवित रहते दूसरा विवाह करने वाले उम्मीदवार छ.ग. शासन के नियमानुसार नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे, ऐसे उम्मीदवार आवेदन न करें। अभ्यर्थियों के न्यूनतम एवं अधिकतम आयु (जिसमें इसके आगे किये गये उल्लेख अनुसार आयुसीमा मे छूट भी शामिल है) की गणना दिनांक 01.01.2023 के संदर्भ में की जायेगी। अतैव अभ्यर्थी, आवेदन करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर ले कि वह उक्त तिथि के संदर्भ में परीक्षा में निर्धारित न्यूनतम एवं अधिकतम आयुसीमा की अंतर्गत है।

4. ऑनलाईन आवेदन के साथ कोई भी प्रमाणपत्र संलग्न करने की आवश्यकता नहीं है परन्तु साक्षात्कार/कौशल परीक्षा के समय आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति के साथ निम्न प्रमाणपत्रों की मूल प्रति एवं स्वयं के द्वारा सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। दस्तावेजो के स्क्रिनिंग के पश्चात् अर्हता पूर्ण करने पर ही अभ्यर्थी को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में सम्मिलित किया जाएगा। अर्हता पूर्ण न करने वाले अभ्यर्थी साक्षात्कार/कौशल परीक्षा हेतु पात्र नहीं होंगे। **अ.** शैक्षणिक योग्यता/तकनीकी योग्यता तथा जन्म तिथि से संबंधित। **ब.** सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र। **स.** सक्षम अधिकारी द्वारा जारी छ.ग. का स्थानीय (मूल) निवासी प्रमाण पत्र। **द.** रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र. **इ.** अनुभव प्रमाण पत्र (आवश्यतानुसार)। **फ.** मूल पहचान पत्र जैसे- आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड वोटर आई-डी। **ग.** आवेदन पत्र में असत्य/भ्रामक जानकारी देने पर किसी भी स्तर पर संबंधित की भर्ती निरस्त की जा सकेगी, साथ ही नियमानुसार आवेदक के विरूद्ध वैधानिक, कार्यवाही की जावेगी।

5. चयनित उम्मीदवारों को कार्यभार ग्रहण करते समय स्थानीय निवासी, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षणिक/तकनीकी अर्हता संबंधी मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

6. ऑनलाईन आवेदन में की गई प्रविष्टियों की भलीभाँति जाँच कर लेवें। एक बार आवेदन कर दिये जाने के बाद परीक्षा के पूर्व या परीक्षा परिणाम के बाद त्रुटि सुधार के लिए किया गया कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

7. कम्प्यूटर संबंधी योग्यता हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय-समय पर सूचित मान्यता प्राप्त संस्थाएँ अथवा इस संबंध में विश्वविद्यालय के विनियम क्रमांक-19 में विभिन्न पदों के लिए उल्लेखित संस्थाएं ही मान्य होंगी। (* विनियम 19 का अवलोकन विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर किया जा सकता है।)

8. प्राप्त आवेदन के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा लिखित एवं कौशल परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा इस हेतु प्राथमिक स्तर पर आवेदन पत्रों का परीक्षण नहीं किया जायेगा अतः अभ्यर्थी जिस पद हेतु आवेदन कर रहा है उस हेतु आवेदन की अंतिम तिथि को निर्धारित योग्यता पूर्ण करता है अथवा नहीं इसका निर्धारण स्वयं सुनिश्चित कर लेवें।

9. प्रोग्रामर पद के लिए सामान्य ज्ञान व कम्प्यूटर एवं अनुप्रयोग से संबंधित विषयवस्तु की लिखित परीक्षा के कुल प्राप्तांकों के आधार पर तैयार मेरिट सूची से 01 पद के विरूद्ध 15 के अनुपात से साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा। लिखित परीक्षा में निर्धारित अर्हकारी अंक 33 प्रतिशत प्राप्त करना अनिवार्य होगा। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

10. (अ) तृतीय श्रेणी के पदों हेतु लिखित परीक्षा (सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य गणित, सामान्य मानसिक योग्यता, कम्प्यूटर संबंधी एवं सामान्य अध्ययन) के प्राप्तांको के आधार पर तैयार मेरिट सूची से 01 पद के विरूद्ध 15 के अनुपात से कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा।

(ब) लिखित परीक्षा में निर्धारित अर्हकारी अंक 33 प्रतिशत प्राप्त करना अनिवार्य होगा। कौशल परीक्षा में अभ्यर्थियों को न्यूनतम 75% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(स) लिखित एवं कौशल परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

11. पात्र अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के वेब साईट www.bilaspuruniversity.ac.in के माध्यम से Online आवेदन करें तथा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति सुरक्षित रखें जिसे समस्त अनुलग्नकों सहित कौशल परीक्षा/सत्यापन के समय स्वयं द्वारा सत्यापित कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

12. अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता के आधार पर Online Mode में एक ही आवेदन पत्र पद क्रमांक 2 से 3 के एक या अधिक पदों हेतु आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक आवेदन पत्र के साथ निर्धारित शुल्क Payment gateway के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है।

13. ओ.एम.आर.आसंरशीट का मूल्यांकन ओ.एम.आर. मशीन से किया जावेगा। अतः पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं रखा गया है।

14. **विज्ञापन में दर्शित पदों के लिए जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में ऑनलईन आवेदन पत्र एवं आवेदन शुल्क दोनो जमा किए थे, उन्हें पुनः आवेदन शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी, परंतु विश्वविद्यालय के इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में अभ्यर्थियों को विज्ञापित पदों के लिए निर्धारित अर्हताओं को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। साथ ही पुनः ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**

15. **विज्ञापित पदों हेतु पूर्व में किया गया आवेदन मान्य नही किया जाएगा।**

16. अभ्यर्थियों को यह घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना होगा की उनके विरूद्ध कोई आपराधिक प्रकरण वर्तमान में लंबित नहीं है, तथा पूर्व में उसे किसी आपरधिक प्रकरण में दोषसिद्ध नहीं किया गया है।

17. अभ्यर्थियों को पदभार ग्रहण के समय जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी अद्यतन मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

18. विज्ञापित पदो के लिखित/कौशल परीक्षा में पुनर्मुल्यांकन/पुनर्गणना का कोई प्रावधान नहीं है।

19. कुलपति के निज सहायक व स्टेनो टायपिस्ट पद हेतु आवेदक जो दोनो पद के लिए आवेदन प्रस्तुत करेंगे उनके लिए लिखित परीक्षा - एक तथा कौशल परीक्षा- अलग-अलग होगी। यदि कोई अभ्यर्थी मेरिट में स्थान प्राप्त करते है, तो उन्हे किसी एक पद का चयन करना होगा।

20. अंतिम रूप से चयन के समय समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथि के आधार पर वरीयता तय की जायेगी। जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी उसे प्राथमिकता प्रदान की जावेगी। जन्मतिथि भी समान होने पर लिखित परीक्षा में अधिक अंक पाने वाले उम्मीदवार को वरियता दी जाएगी।

21. कार्यालय द्वारा चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति उपरांत उसका पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया जावेगा, आपराधिक गतिविधियां में शामिल पाये जाने की दशा में नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

22. चयन सूची के साथ जारी प्रतीक्षा सूची 01 वर्ष के लिए मान्य होगी।

23. लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षा व साक्षात्कार से संबंधित प्राप्तांको की सूची तभी जारी की जाएगी, जब संबंधित विज्ञापन के माध्यम से विज्ञापित पदों हेतु अंतिम चयन सूची जारी कर दी जाएगी।

24. **विशेष- ऐसे आवेदक जो अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में कार्यरत हैं। उन्हें अंतिम चयन सूची तैयार करते समय विश्वविद्यालय में कार्य के अनुभव के लिए प्रति पूर्ण वर्ष हेतु 02 अंक, अधिकतम 10 अंक की अधिमान्यता (weightage) दी जाएगी।**

25. परीक्षा में सभी चरणों (लिखित, कौशल व साक्षात्कार) हेतु तिथि, समय, स्थान एवं प्रवेश पत्र की जानकारी हेतु अभ्यर्थी निरंतर विश्वविद्यालय के वेबसाइट अवलोकन करते रहें। इस हेतु अलग से पत्र नहीं भेजा जाएगा

26. विज्ञापन से संबंधित संपूर्ण जानकारी/संशोधन आदि का प्रकाशन विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर किया जाएगा। अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है, कि वे विश्वविद्यालय के वेबसाइट का सतत् अवलोकन करते रहें। पृथक से सूचना व्यक्तिशः जारी नहीं किया जाएगा।

27. इस विज्ञप्ति में उल्लेखित शर्ते, महत्वपूर्ण निर्देश/जानकारी आदि के निर्वचन का अधिकार विश्वविद्यालय का रहेगा। इस संबंध में किसी अभ्यर्थी के द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम तथा अभ्यर्थी पर बंधनकारी होगा। किसी भी समय नियुक्ति से संबंधित प्रक्रिया स्थगित करने, निरस्त करने एवं अन्य शर्ते विहित करने तथा किसी भी विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार विश्वविद्यालय का होगा।

28. परीक्षा पद्धति, पाठ्यक्रम, कौशल परीक्षा, साक्षात्कार आदि के संबंध में कोई संशोधन/सुधार/परिवर्तन करने का सर्वाधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

29. लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षा व साक्षात्कार के तिथि के संबंध में पृथक से सूचना प्रकाशित की जाएगी।

कुलसचिव

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

# 1. पाठ्यक्रम

## ( कुलपति के निज सहायक व स्टेनो टायपिस्ट पद के लिए।)

टीपः- 1. परीक्षा में कुल 100 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे, प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा।
2. प्रतियोगिता परीक्षा के लिये 2:00 घंटे का समय होगा।
3. प्रश्न पत्र के निम्न भाग होंगें।, प्रत्येक भाग का पाठ्यक्रम नीचे उल्लेखित है।
4. न्यूनतम 33% अर्हकारी अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

**सामान्य अध्ययन एवं योग्यता परीक्षण**

**भाग-1 सामान्य अध्ययन** **30 अंक**

**(1) सामान्य अध्ययनः-**

1. भारत का इतिहास एवं भारत का स्वतंत्रता आंदोलन।
2. भारत का भौतिक, सामाजिक एवं आर्थिक भूगोल।
3. भारत का संविधान एवं राज्य व्यवस्था।
4. भारत की अर्थव्यवस्था।
5. सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी।
6. भारतीय दर्शन, कला साहित्य एवं संस्कृति।
7. समसामयिक घटनांए एवं खेल।
8. पर्यावरण।

**(2) छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान :-**

1. छत्तीसगढ़ का इतिहास एवं स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ का योगदान।
2. छत्तीसगढ़ का भूगोल, जलवायु भौतिक दशाएं, जनगणना, पुरातात्विक एवं पर्यटन केन्द्र।
3. छत्तीसगढ़ का साहित्य, संगीत, नृत्य, कला एवं संस्कृति, जनऊला, मुहावरे, हाना एवं लोकोक्तियां।
4. छत्तीसगढ़ की जनजातियां, विशेष परंपराएं, तीज एवं त्यौहार।
5. छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्थाएं, वन एवं कृषि।
6. छत्तीसगढ़ की प्रशासनिक ढांचा, स्थानीय शासन एवं पंचायती राज।
7. छत्तीसगढ़ में उद्योग, ऊर्जा, जल एवं खनिज संसाधन।
8. छत्तीसगढ़ की समसामयिक घटनांए।

**भाग-2** **30 अंक**

**कम्प्यूटर का सामान्य जानकारी**

1. कम्प्यूटर का उपयोग- कम्प्यूटर का उपयोग कहाँ-कहाँ एवं किस लिए किया जाता हे। इसकी सामान्य जानकारी।
2. कम्प्यूटर के प्रमुख भाग- सी.पी.यू. इनपूट डिवाईस, आउटपूट डिवाईस की सामान्य जानकारी।
3. प्रिंटर के प्रकार- इंकजेट, लेजरजेट एवं अन्य प्रकार के प्रिंटर।
4. आपरेटिंग सिस्टम के नाम- एमएस.डॉस, कमर्शियल एवं ओपन सोर्स, आपरेटिंग सिस्टम के नाम।
5. कार्यालय के उपयोग के लायक सामान्य माईक्रोसॉफ्ट ऑफिस के अंतर्गत वर्ड, एक्सेल एवं पॉवर पाइंट की सामान्य जानकारी।
6. इंटरनेट के उपयोग- ई-मेल, डाक्यूमेंट सर्चिंग, बेवसाईट सर्फिंग विभिन्न सरकारी विभागों के वेबसाईट की सामान्य जानकारी।
7. एंटीवायरस के उपयोग- कम्प्यूटर वायरस से होने वाले नुकसान एवं कम्प्यूटर वायरस की सामान्य जानकारी।
8. मल्टीमीडिया के उपयोग- ऑडियों, वीडियों एवं टेक्स्ट का उपयोग करने की सामान्य जानकारी।
9. सी.डी./डी.व्ही.डी. से संबंधित सामान्य जानकारी।
10. गूगल, अलविस्ता, यू-ट्यूब की सामान्य जानकारी- सर्च इंजिन से वांछित जानकारी कैसे प्राप्त की जाए इसकी सामान्य जानकारी।

## भाग-3

### सामान्य मानसिक योग्यता — 10 अंक

**इस भाग में निम्नांकित से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे:-** तर्क करना, संबंध देखना, एनालॉजी अंकिक योग्यता आदि। इन कारकों का परीक्षण करने के लिए सामान्यतः इस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं- विषमता को पहचानना, अंकिक श्रेणी, अक्षर श्रेणी, अक्षर अंक और चित्रों द्वारा संबंध देखना, सांकेतिक भाषा, छुपे हुए चित्र, वर्ग एवं अंक गणितीय संक्रियाएं चित्रों का मिलान, विभिन्न प्रकार के पैटर्न आदि-आदि।

## भाग-4

### सामान्य गणित — 10 अंक

**इकाई 1 -**

- दाशमिक प्रणाली- मीट्रिक प्रणाली, लंबाई, क्षेत्रफल, आयतनत्र द्रव्यमान, समय के माप।
- संख्याएं- पूर्ण, सम, विषम, अभाज्य संख्याएं, आरोही व अवरोही कम स्थानीयमान।
- साधारण भिन्न एवं दशमलव भिन्न- भिन्नों की परस्पर तुलना दशमलव भिन्न को साधारण भिन्न में बदलना।
- वर्गमूल- वर्गमूल निकालने की विधियां- गुणनखण्ड व भाग विधि दशमलव वाले अंको का वर्गमूल निकालना।

**इकाई 2 -**

- महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्त्य- महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्तक क्या है? इससे संबंधित प्रश्न समस्याओं के हल हेतु सूत्र।
- औसत- औसत निकालने से संबंधित प्रश्न।
- प्रतिशत- प्रतिशत का अर्थ, प्रतिशत का दशमलव व दशमलव को प्रतिशत में बदलने से संबंधित प्रश्न।
- चाल, समय, दूरी- चाल, समय, दूरी निकालने से संबंधित प्रश्न।

**इकाई 3 -**

- सामान्य ब्याज- साधारण ब्याज क्या है? इससे संबंधित प्रश्न।
- लाभ तथा हानि- क्रय-विक्रय मूल्य लाभ-हानि इन्हें प्रतिशत व रूपयों में व्यक्त करना।
- अनुपात एवं समानुपात- समानुपाती भागों में विभाजन।
- प्रतिशतता जन्म व मृत्यु दर, जनसंख्या वृद्धि, ह्रास।

**इकाई 4 -**

- रेखा तथा कोण-रेखाखण्ड, सरल एवं वक्र रेखाएं कोणों के प्रकार।
- समतलीय आकृतियां- त्रिभुज, चतुर्भुज तथा वृत्त।

**इकाई 5 -**

- समतलीय आकृतियों का क्षेत्रफल, त्रिभुज, आयात, समान्तर चतुर्भज एवं समलंब चतुर्भुज।
- ठोस की मांगे- लंबाई, चौड़ाई व ऊंचाई, क्षेत्रफल, घन एवं घनाभ।

छत्तीसगढ़ समाचार

## भाग-5

## सामान्य हिन्दी — 10 अंक

- स्वर, व्यंजन, वर्तनी।
- लिंग, वचन, काल।
- संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया का व्यवहारिक प्रयोग।
- समास-रचना एवं प्रकार।
- संधि-स्वर, व्यंजन एवं विसर्ग संधि।
- व्याकरणिक अशुद्धियां।
- शब्द प्रकार, तत्सम, तदभव, देशज, विदेशी।
- पर्यायवाची, विलोमार्थी, अनेकार्थी शब्द, अनेक शब्दों या वाक्यांश के लिए एक शब्द।
- मुहावरे व लोकोक्तियाँ।

## भाग-6

## सामान्य अंग्रेजी — 10 अंक

**UNIT -1 ENGLISH GRAMMER-**

- Number, Gender, Articles
- Pronoun, Adjectives, Verb
- Use of some important Conjunctions
- Use of some important Prepositions

**UNIT -2 TRANSFORMATIONS OF SENTENCES-**

- Active Passive Voice
- Direct Indirect Narration

**UNIT -3 VOCABULARY-**

- Synonyms/Antonyms
- One word substitution
- Spellings

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

**Computer Programmer**
**Total Marks-100**

## Section I: 25 Marks

➢ **Details of Section I:**

1) Analytical Reasoning Skills: Quantitatives Skills: Arithmentic, Elementary Algebra, Commonaly known concepts of Geomentry.
2) Verbal Skills: Reading Comprehension, Sentence Correction, and Sentence Completions, English Language.
3) General Awarness and Current Affairs.

## Section II: 75 Marks

➢ **Details of Section II:**

**Digital Logic:** Boolean algebra. Combinational and sequantial circuits, Minimization, Number representations and computer arithmetic (fixed and floating point).

**Computer Organization and Architecture:** Machine instructions and addressing modes, ALU, data-path and control unit, Instruction pipelining, Memory hierarchy: cache, main memory and secondary storage; I/O interface (interrrupt and DMA mode).

**Programming and Data Structures:** Programming in C. Recursion, Arrays, stacks, queues, linked lists, trees, binary search trees, binary heaps, graphs.

**Algorithms:** Searching, sorting, hashing, Asymptotic worst case time and space complexity, Algorithem design techniques: greedy, dynamic programming and divideand- conquer, Graph search, minimum spanning trees and shorterst paths.

**Theory of Computation:** Regular experssions and finite automata, Context-free grammars and push-down automata, Regular and contex-free languages, pumping lemma, Turing machine and undersirability.

**Compiler Design:** Lexical analysis, parsing, syntax-directed translation, Runtime environments, Intermediate code generation.

**Operating System:** Processes, threads, inter-process communication, concurrency and synchronization, Deadlock, CPU scheduling. Memory management and virtual memory. File system. UNIX, Linux, Windows XP.

**Database:** ER- model. Relational model: relational algebra, tuple calculus, SQL. Integrity constraints, normal forms. File organization, indexing (e.g. B and B+ trees). Transactions and concurrency control.

**Computer Network:** Concept of layering. LAN technologies (Ethernet). Flow and error control techniques, switching. IPv4/IPv6, routers and routing algorithms (distance vector, link state). TCP,/UDP and sockets, congestion control, Application layer protocols (DNS, SMTP, POP, FTP, HTTP). Basics of Wi-Fi . Network security: authentication, basics of public key and private key cryptography, digital signature and certificate, firewalls.

**System Programming:** Assemblesres, Macros, Basic Loader Function, Bootstrap Loader, Relocation and linking concepts, Compiler Design (Options, Interpreter, P-Code Compuler), Compiler Software Tools for Program Development, Editiors, Debug, Monitors, Progrmmes, Environments user Interfaces.

**Software Engineering:** S/W Engineering Disciplines Evolution and Impact, Program vs S/W product, Emergence of S/W Engineering. Software Life Cycle Models. Software Project Management. Requirement Analysis and Specification. Object Modelling using UML. Coding and Testing. Software Reliability and Quality Management. Software Maintenance. Software Reuse.

**Web Application Design & Development:** HTML, Javascript, CSS, Client/Server Side Programming using PHP Creating dynamic websites, error handling and debugging, PHP, MySQL/Oracle Database Connectivity.

**1. परीक्षा पद्धतिः- प्रोग्रामर पद के लिए।**

**अ. प्रथम चरणः-** लिखित परीक्षा में न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। प्रश्न-पत्र में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे। चारों में से एक विकल्प का चयन करना होगा। आंसर सीट में नीले/काले बॉल पेन से गोला पूर्णतः भरना होगा। एक से अधिक गोले भरने या अधूरे भरे गोले अमान्य होंगे। जिन प्रश्नों के उत्तर आंसर सीट में अंकित नहीं किए जाएंगे उनके लिए शून्य (0) अंक प्रदान किए जाएंगे।

- कुल प्रश्नों की संख्या 100 होगी, तथा कुल अंक 100 होंगे।
- ऋणात्मक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं होगा।
- परीक्षा अवधि <u>2:00</u> घंटे की होगी।

**ब. साक्षात्कार-** लिखित परीक्षा के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी। मेरिट अंकों के आधार पर रिक्त पदों की 15 गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जावेगा। लिखित परीक्षा में मेरिट के अंतिम क्रमांक पर एक समान अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में आंमत्रित किया जावेगा। (*साक्षात्कार हेतु कोई न्यूनतम उत्तीर्णांक निर्धारित नहीं है।)

**2. परीक्षा पद्धतिः- कुलपति के निज सहायक व स्टेनो टायपिस्ट पद के लिए।**

**अ. प्रथम चरणः-** दोनो पदो के लिए लिखित परीक्षा समान होगी, जिसमें न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। प्रश्न-पत्र में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे। चारों में से एक विकल्प का चयन करना होगा। उत्तर सीट में नीले/काले बॉल पेन से गोला पूर्णतः भरना होगा। एक से अधिक गोले भरने या अधूरे भरे गोले अमान्य होंगे। जिन प्रश्नों के उत्तर आंसर सीट में अंकित नहीं किए जाएंगे उनके लिए शून्य (0) अंक प्रदान किए जाएंगे।

- कुल प्रश्नों की संख्या 100 होगी, तथा 100 अंक के होंगे।
- ऋणात्मक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं होगा।
- परीक्षा अवधि <u>2:00</u> घंटे की होगी।

**ब. द्वितीय चरणः-** कौशल परीक्षा

- लिखित परीक्षा के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी। मेरिट अंकों के आधार पर रिक्त पदों की 15 गुना अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा। लिखित परीक्षा में मेरिट के अंतिम क्रमांक पर एक समान अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा में आंमत्रित किया जावेगा।
- कौशल परीक्षा में न्यूनतम 75 प्रतिशत अर्हकारी अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

**<u>परीक्षा के विभिन्न चरणो में अंको का विवरण :-</u>**

| | |
|---|---|
| **प्रोग्रामर पद हेतुः-** | लिखित परीक्षा हेतु - 100 अंक<br>साक्षात्कार हेतु - 25 अंक |
| **कुलपति के निज सहायक व स्टेनो टायपिस्ट पद हेतु-** | लिखित परीक्षा हेतु - 100 अंक<br>कौशल परीक्षा हेतु - 50 अंक |

छत्तीसगढ़ समाचार

## कौशल परीक्षा में पात्रता का मापदंड

विश्वविद्यालय द्वारा जारी विज्ञापन में कुलपति के निज सहायक एवं स्टेनोटायपिस्ट के पद हेतु कौशल परीक्षा में क्रमशः **10,000 Key** और **5,000 Key** डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति निर्धारित है।

### 1. कुलपति के निज सहायकः-

इस पद हेतु कौशल परीक्षा में **100** शब्द प्रतिमिनट की गति से डिक्टेंशन तथा **10,000 Key** डिप्रेशन (हिन्दी/अंग्रेजी) प्रतिघंटा होना चाहिए। इसके अनुसार अभ्यर्थी को परीक्षा में **500** शब्द की डिक्टेंशन **05** मिनट में दिया जावेगा, जिसे डिक्टेशन लेने के बाद **50** मिनट में अनुवाद कर टाइप करना होगा।

अभ्यर्थी को कौशल परीक्षा में **Qualify** होने के लिए तीन शर्तों को पूरा करना होगा-

1. डिक्टेशन लेने के बाद टाइप किये हुये **500** शब्दों में से न्यूनतम **75 प्रतिशत** शब्दों को पूर्णतः सही टाइप करना आवश्यक होगा।
2. टायपिंग स्पीड हेतु **500** शब्द **15** मिनट में टाइप करने के लिए दिये जायेंगे। दिये गये सभी शब्दों को **15** मिनट में टाइप करना अनवार्य होगा।
3. **15** मिनट में टाइप किये हुये **500** शब्दों में से न्यूनतम **75 प्रतिशत** शब्दों को पूर्णतः सही टाइप करना आवश्यक होगा।

### 2. स्टेनोटायपिस्टः-

इस पद हेतु कौशल परीक्षा में **60** शब्द प्रतिमिनट की गति से डिक्टेंशन तथा **5,000 Key** डिप्रेशन (हिन्दी/अंग्रेजी) प्रतिघंटा होना चाहिए। इसके अनुसार अभ्यर्थी को परीक्षा में **300** शब्द की डिक्टेंशन **05** मिनट में दिया जावेगा, जिसे डिक्टेशन लेने के बाद **30** मिनट में अनुवाद कर टाइप करना होगा।

अभ्यर्थी को कौशल परीक्षा में **Qualify** होने के लिए तीन शर्तों को पूरा करना होगा-

1. डिक्टेशन लेने के बाद टाइप किये हुये **300** शब्दों में से न्यूनतम **75 प्रतिशत** शब्दों को पूर्णतः सही टाइप करना आवश्यक होगा।
2. टायपिंग स्पीड हेतु **250** शब्द **15** मिनट में टाइप करने के लिए दिये जायेंगे। दिये गये सभी शब्दों को **15** मिनट में टाइप करना अनवार्य होगा।
3. **15** मिनट में टाइप किये हुये **250** शब्दों में से न्यूनतम **75 प्रतिशत** शब्दों को पूर्णतः सही टाइप करना आवश्यक होगा।

## कौशल परीक्षा के लिए कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा एवं मूल्यांकन पद्धति–

1. अभ्यर्थी को टाइप किये जाने वाला **Text, Computer-Screen** पर ऑनलाइन दिखाई देगा। जिसे देखकर, उसे उसी **Screen** में निर्धारित समय में टाइप करना होगा।
2. **Screen** पर कितना समय शेष है व कितने शब्द शेष है, इसकी जानकारी अभ्यर्थी को मिलती रहेगी।



3. यदि अभ्यर्थी कोई शब्द को छोड़ देता है या गलत लिखता है तो कम्प्यूटर **Screen** पर वो शब्द लाल हो जायेंगे और यदि कोई शब्द छूट जाता है तो आगे के सभी शब्द लाल हो जायेंगे।

4. अभ्यर्थी को सुविधा होगी कि गलत शब्दों को सुधार सके या बिना सुधारें आगे के शब्दों की टायपिंग जारी रख सके।

5. अभ्यर्थी यदि समय से पहले टायपिंग कार्य पूर्ण कर लेता है तो उसे **Submit** बटन दबाकर **Lock** कर सकता है,अन्यथा 15 मिनट के बाद अपने आप **Lock** हो जाएगा।

अभ्यर्थी **15** मिनट में जितने शब्द टाइप करेगा वह उसका **Gross Words (GW)** कहलायेगा, जो सही शब्द टाइप करेगा वह उसक **Net Words (NW)** कहलायेगा।

1. गति की गणना : **GW/15 Min=** टाइप किये गये शब्द प्रति मिनट अगर एक शब्द 05 टंकणों का है, तो

एक मिनट में टंकणों की संख्या= टाइप किये गये शब्द प्रति मिनट **X 05**

एक मिनट में टंकणों की संख्या **5000/60** से अधिक होने से ही अभ्यर्थी **Qualify** माना जायेगा।

2. शुद्धता की गणनाः **[(NW/GW)X 100]** को **75 प्रतिशत** से अधिक होने पर ही अभ्यर्थी को **Qualify** माना जायेगा।

3. अभ्यर्थी की गति एवं शुद्धता दोनों में **Qualify** होना अनिवार्य है।

**नोटः -** 1. अल्प विराम एवं पूर्ण विराम शब्दों के अंत में लगेंगे तो उन्हें उस शब्द का ही भाग माना जायेगा।

**उदाहरणार्थ** - "विश्वविद्यालय" एक शब्द कहलायेगा।

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

**प्रवेश पत्र संबंधी जानकारी–**

– परीक्षा के 10 दिन पूर्व प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया जावेगा। पोस्ट ऑफिस के माध्यम से अलग से एडमिट कार्ड नहीं भेजा जाएगा।

**हेल्पलाइन नंबर–** ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर कार्य दिवसों में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:30 बजे के बीच 9424172801 नबंर पर संपर्क कर सकते है।

**परीक्षा कक्ष में प्रवेश :-**

अ. परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी केवल निम्नलिखित सामग्री लायें-

1. ऑनलाईन प्राप्त परीक्षा प्रवेश पत्र में यदि फोटो प्रिंट न हो तो दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लेकर आयेंगे।
2. ओ.एम.आर. आंसर सीट भरने हेतु नीला/काला डॉट पेन का उपयोग किया जाना है।
3. अभ्यर्थी अपने साथ मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड वोटर आई-डी लेकर ही परीक्षा केंद्र में आयेंगे। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जायेगा।

**नोटः-** अभ्यर्थी के पास अन्य सामग्री जैसे सामान्य केल्कुलेटर, लॉगटेबिल, सांइटिफिक केल्कुलेटर, पेपर, मोबाइल फोन आदि पाए जाने पर अभ्यर्थी का प्रकरण अनुचित साधन के प्रयोग में दर्ज किया जाएगा।

**ब.** परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट बाद परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार